RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : सोमवार 22 जनवरी 2024 | वर्ष 05 | अंक 271 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी
®

खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

# मुख्यमंत्री शिंदे ने जरांगे से 'मुंबई मार्च' न करने की अपील की

मुंबई : महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने रविवार को मराठा आरक्षण की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे मनोज जरांगे से मुंबई की ओर न बढ़ने की अपील की और इस बात पर जोर दिया कि मुद्दे पर राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग काम कर रहा है।



जरांगे शनिवार को जालना जिले में अपने गांव अंतरवाली सराटी से निकले थे। उन्होंने घोषणा की है कि वह लाखों समर्थकों के साथ मुंबई पहुंचेंगे और मांगें पूरी होने तक अनिश्चितकालीन अनशन शुरू करेंगे। जरांगे की मांग है कि राज्य में मराठा समुदाय के लोगों को कुनबी प्रमाणपत्र दिया जाए, ताकि समुदाय अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) श्रेणी के तहत सरकारी नौकरियों और शिक्षा में आरक्षण का लाभ उठा सकें। शिंदे ने यहां पत्रकारों से कहा, 'राज्य सरकार ने महाराष्ट्र राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग को अपने काम में तेजी लाने और राज्य सरकार को रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया है।' मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने मराठा आरक्षण पर निर्णय लेने के लिए फरवरी में विधानसभा का विशेष सत्र आयोजित करने की भी योजना बनाई है। उन्होंने जरांगे से मुंबई की ओर न बढ़ने की अपील की।

## एमएच हेले लेमी बेरहानु ने टाटा मुंबई मैराथन 2024 का मेंस टाइटल जीता...



**मुंबई** : रविवार को यहां मुंबई में टाटा मुंबई मैराथन में इथियोपिया के धावकों के दबदबे के साथ कई रिकॉर्ड टूटे। गत चैंपियन हेले लेमी बेरहानु ने पुरुषों की दौड़ जीती, जबकि अबरैश मिनसेवो ने महिलाओं की दौड़ जीती। मैराथन दौड़ माहिम से शुरू हुई और छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस पर जाकर समाप्त हुई. इसके साथ ही एमएच हेले लेमी बेरहानु ने टाटा मुंबई मैराथन 2024 का मेंस टाइटल जीत लिया है. विशिष्ट अंतरराष्ट्रीय महिला वर्ग में मिनसेवो ने 2:26:06 सेकेंड के समय के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। दूसरी ओर, लेमी ने 2:07:50 सेकेंड का समय लेकर विशिष्ट अंतरराष्ट्रीय पुरुष वर्ग में पहला स्थान हासिल किया। भारतीय एलीट पुरुष वर्ग में श्रीनू बुगाथा ने 02:17:29 सेकेंड के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता। जबकि भारतीय एलीट महिला वर्ग में, ठाकोर निरमाबेन भरतजी ने 2:47:11 सेकंड का समय लेकर शीर्ष पोडियम स्थान हासिल किया।

इस कार्यक्रम को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (सीएसएमटी), मुंबई में हरी झंडी दिखाई।कार्यक्रम के समापन के बाद उन्होंने मैराथन के संदेश पर जोर देते हुए कहा, ''यह दुनिया भर में बहुप्रतीक्षित मैराथन है। इसमें बच्चों से लेकर वरिष्ठ नागरिकों तक हर कोई भाग ले रहा है। इस मैराथन के माध्यम से वे विकास का संदेश दे रहे हैं।'' और पर्यावरण को बचा रहे हैं।

इस मैराथन में सेना के जवानों ने 21 किमी हाफ मैराथन केटगरी में 3 रैंक हासिल की है. ये तीनों विजेता पुणे के आर्मी कैंप में कार्यरत हैं. इन्होंने अपने बेहतरीन खेल का परिचिय देते हुए पुणे का नाम रोशन किया है. इस प्रतियोगिता में सावन बरवाल ने 21.097 किमी की दूरी 1 घंटा 5 मिनट 7 सेकेंड में तय कर पहला स्थान हासिल किया. तो वहीं किरण म्हात्रे ने इस दूरी को 1 घंटा 6 मिनट 23 सेकंड में हासिल कर लिया वो इस मैराथन रेस में दूसरे नंबर पर रहे. इन दोनों के अलावा मोहन सैनी ने इस दूरी को दूरी 1 घंटा 6 मिनट 55 सेकंड में पूरा किया. इस मैराथन में सबसे ज्यादा समय लेने के चलते उन्हें तीसरा स्थान हासिल हुआ. टाटा मैराथन के 18वें संस्करण यानि पिछले साल किरण म्हात्रे ने इस रेस को जीता था. दिल्ली में आयोजित मैराथन में किरण ने समान दूरी 1 घंटे 5 मिनट में पूरी करके पहला स्थान हासिल किया था. इस बार उन्होंने दूसरा स्थान हासिल किया है. टाटा 19 साल से इस मैराथन का आयोजन कर रहा है... मुंबई पुलिस और प्रशासन ने सराहनीय व्यवस्था की है।''

## बीएमसी कर्मचारी ने लगाई फांसी, सीनियर्स पर उत्पीड़न का आरोप

**मुंबई** : बीएमसी के एक 44 वर्षीय हाउसकीपर ने अपने वरिष्ठों के ''उत्पीड़न'' के बाद कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान सुभाष सोनावने के रूप में हुई, जो पी वार्ड में कार्यरत थे। पुलिस ने एक सुसाइड लेटर बरामद किया है, जिसमें जूनियर ओवरसियर जियो कोटेन और एक अनाम सुपरवाइजर पर सोनावने को एक महीने की छुट्टी के बाद फिर से ड्यूटी पर लौटने देने के बदले आर्थिक मदद मांगने का



आरोप लगाया गया है।

ओशिवारा पुलिस के अनुसार, मृतक जोगेश्वरी पश्चिम के आनंद नगर में रहता था और उसने अपनी बीमार बेटी की देखभाल के लिए छुट्टी ली थी, जो हृदय की समस्या से पीड़ित थी। पत्र में आरोप लगाया गया कि कोटेन ने नवंबर 2023 में सोनावणे से 10,000 रुपये लिए। जब सोनावणे ने इस साल 10 जनवरी को फिर से ड्यूटी पर लौटने की कोशिश की, तो आरोपी और पर्यवेक्षक ने उन्हें दोबारा काम पर नहीं आने दिया।

पत्र के अनुसार, मृतक ने 10-18 जनवरी तक काम करने की सूचना दी, लेकिन कोटेन और दूसरे व्यक्ति ने उसका मेडिकल परीक्षण नहीं कराने के बदले में क्रमशः 10,000 और 5,000 रुपये की मांग की। लगातार ''उत्पीड़न'' के कारण, सोनावणे ने कथित तौर पर 19 जनवरी की सुबह अपने आवास पर फांसी लगा ली। बाद में, कूपर अस्पताल के डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।





# संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

## हिमाचल की रामायण से

अयोध्या में राम मंदिर के बहाने सांस्कृतिक जागरण भी हो रहा है और अगर हम इसकी परिक्रमा कर रही सियासत को भूल जाएं, तो भारत के पौराणिक दर्शनों में कई किंवदंतियां साक्षात होती दिखाई देती हैं। यह अयोध्या में अयोध्या नहीं, बल्कि राम की गाथा में भारत के दर्शन हैं। यही परंपराएं अयोध्या से हिमाचल का ऐतिहासिक, सांस्कृतिक व सियासी रिश्ता भी जोड़ती हैं। कुल्लू में विराजित भगवान रघुनाथ की अपनी विशिष्ट परंपराओं में अयोध्या के कदम, भगवान राम की विजयी पदचाप और लोक संस्कृति में राम का महात्म्य सुनाई देता है। देव परंपरा के कई राम और राम के चरित्र बिंदु समाज को सचेतन व शासक को उसकी मयार्दा सिखाते हैं। अगर गौर से देव परंपरा को देखें, नियमावली-शब्दावली और रिवायतों को समझें तो यहां समाज का पालक भगवान है और सांस्कृतिक संरक्षक भी देव परंपरा है। यहां आदेश फरमाते देवता और लोकतांत्रिक मूल्य बताते गूर भी मिल जाएंगे। मौसम का हाल सुनाते, सृष्टि पर देव दृष्टि का फलक सजाते और पारंपरिक रिवायतों में फर्ज निभाते समाज को अगर हिमाचल के नजरिए से देखें, तो राम यहां का चारित्रिक उत्थान देव परंपरा का आख्यान है। हिमाचल से अयोध्या के रिश्ते और मंदिर की प्राण स्थापना को लेकर उत्साह नहीं, बल्कि अनुभूतियां भी हैं। भाजपा के पालमपुर राष्ट्रीय अधिवेशन में राम मंदिर निर्माण का प्रस्ताव अपने चौतीसवें वर्ष में एक पताका बनकर मौजूद है, तो याद करना होगा कि उस समय के नेता इस समय कहां हैं। दूसरी ओर कुल्लू, रघुनाथ मंदिर अपनी परंपराओं में बसे राम की पादुकाएं अयोध्या रवाना कर चुका है, तो इस ऐतिहासिक क्षण के चरम बिंदु पर हिमाचल के आंचल पर लिखी गई रामायण और महाभारत का वृत्तांत भी होना चाहिए।

हिमाचल की देव संस्कृति में झांक कर देखेंगे तो एक पल राम, एक पल कृष्ण, एक पल बौद्ध बनते अशोक, ज्योतिर्लिंग तथा दुर्गा शक्ति पीठ दिखाई देंगे। इतना ही नहीं कई ऐतिहासिक गुरुद्वारे, गुरु की नगरियां और प्राचीन मठों में ज्ञान के कई अद्भुत स्त्रोत मिलेंगे। ऐसे में महेश्वर सिंह जिस भाव और परंपरा के पुरुषार्थ को लेकर राम मंदिर पहुंचे हैं, वहां हजारों सालों से रघुनाथ मंदिर का आशीर्वाद भी देश के सामने है। कुल्लू का दशहरा इसी राम जी के अस्तित्व की परंपरा को लेकर अपना रथ खींच रहा है, लेकिन देश की भक्ति अब राष्ट्र भक्ति है, इसलिए परंपराएं नवजीवन धारण कर रही हैं, वरना हजारों सालों से राम लला अगर कष्ट में थे तो रघुनाथ जी कुल्लू में इस दूरी को समझ रहे थे। कहने का अर्थ यह कि देश में पैदा हो रही सांस्कृतिक चेतना से जिस तरह के धार्मिक पर्यटन का उदय हो रहा है, उसे देखते हुए हिमाचल की देव संस्कृति को भी निखारा जाए। अयोध्या के लिए अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट अब अगर हकीकत है, तो कांगड़ा एयरपोर्ट के धार्मिक महत्त्व से इसका विस्तार सुनिश्चित होना चाहिए। इससे आसपास के प्रमुख मंदिरों के अलावा बौद्ध सर्किट बनाने में मदद मिलेगी। राम मंदिर निर्माण के बाद रघुनाथ मंदिर को भी अगर इसकी पौराणिक मान्यता के अनुरूप विस्तार दिया जाए, तो यह स्थल न केवल दर्शनीय हो जाएगा, बल्कि कुल्लू दशहरा उत्सव का आभामंडल बदल जाएगा। जिन्होंने दशहरा उत्सव देखा होगा या इसके अभिप्राय में राम के आचरण को महसूस किया होगा, वे जरूर जानते होंगे कि पहाड़ी देवताओं के समागम में हिमाचल की संस्कृति देश की थाती बन जाती है।

+91 99877 75650
editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# कांग्रेस प्रभारी का दावा, आगामी लोकसभा चुनाव में राज्य की सभी सीटें जीतेगा एमवीए गठबंधन



**मुंबई** : लोकसभा चुनावों को लेकर राजनीतिक पार्टियां हूंकार भरने लगी हैं। हर तरफ दलों ने अपना जोर दिखाना शुरू कर दिया है, साथ ही जीत के दावे भी अभी से आने लगे हैं। इसी कड़ी में अब महाराष्ट्र से एमवीए गठबंधन जीत के दावे कर रहा है।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रमेश चेन्निथला ने शनिवार को कहा कि महाराष्ट्र में राजनीतिक माहौल कांग्रेस और महा विकास अघाड़ी के लिए अनुकूल है और गठबंधन आगामी लोकसभा चुनाव में अधिकांश सीटें जीतेगा। यहां पत्रकारों से बात करते हुए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के महाराष्ट्र प्रभारी ने कहा कि एएमवीए साझेदार कांग्रेस, उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (यूबीटी) और शरद पवार के नेतृत्व वाले राकांपा समूह के बीच सीट बंटवारे पर चर्चा अंतिम चरण में है।

रमेश चेन्निथला ने आगे कहा, 'आइए लोकसभा चुनाव एकजुट होकर लड़ें। राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा देश में सामाजिक सद्भाव बनाए रखने के लिए आयोजित की जा रही है।' महाराष्ट्र 48 सांसदों को भेजता है, जो उत्तर प्रदेश के 80 के बाद दूसरे नंबर पर है। देश के सामने कट्टर ताकतों के रूप में एक बड़ी चुनौती है। आगामी चुनावों में इन ताकतों से निपटने की जरूरत है।

मंत्री चेन्निथला ने कहा कि गांधी ने देश को एकजुट करने और सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा देने के लिए कन्याकुमारी से कश्मीर तक भारत जोड़ो यात्रा शुरू की थी। उन्होंने कहा, अब मणिपुर से मुंबई तक 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' चल रही है। उन्होंने जोर देकर कहा कि आगामी चुनाव देश में लोकतंत्र के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं और इसके लिए सभी को एकजुट होने की जरूरत है।

चेन्निथला ने विश्वास जताया कि महाराष्ट्र में कांग्रेस और एमवीए के लिए सकारात्मक माहौल है और तीन दलों का गठबंधन लोकसभा चुनाव में राज्य में सबसे अधिक सीटें जीतेगा। 2019 के आम चुनावों में, भाजपा ने 23 निर्वाचन क्षेत्रों में जीत हासिल की थी, उसके बाद अविभाजित शिवसेना ने 18 सीटें जीती थी। एनसीपी को जहां चार सीटें मिली थीं, वहीं एक-एक सीट कांग्रेस, एआईएमआईएम और एक निर्दलीय उम्मीदवार के खाते में गई थी। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के सुप्रीमो शरद पवार ने कहा कि ईडी का इस्तेमाल राजनीतिक विरोधियों को आतंकित और चुप कराने के लिए किया जा रहा है। उन्होंने यह टिप्पणी अपने पोते व पार्टी विधायक रोहित पवार को ईडी का नोटिस मिलने पर की। रोहित को ईडी ने महाराष्ट्र राज्य सहकारी बैंक (एमएससीबी) घोटाले में मनी लॉन्ड्रिंग जांच के तहत पूछताछ के लिए 24 जनवरी को पेश होने को कहा है।

# आरोपी ने चलती में अदालत में जज पर फेंकी चप्पल, मिली सजा



**मुंबई** : 2017 में 7 साल की बच्ची का यौन उत्पीड़न करने के आरोपी एक आरोपी ने शनिवार सुबह विशेष न्यायाधीश पर अपनी पहनी हुई चप्पल फेंक दी। इसके बाद अदालत ने सुनवाई के दौरान आरोपी को हथकड़ी लगाने का आदेश दिया। कुरार गांव के निवासी प्रेमकुमार गुप्ता को अभियोजन पक्ष द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य के जवाब में अपना बयान दर्ज करने के लिए विशेष न्यायाधीश एसजे अंसारी के समक्ष लाया गया था। पिछले साल अगस्त में उनके खिलाफ मुकदमा समाप्त हुआ और अदालत ने गवाहों के बयान और रिकॉर्ड पर मौजूद सबूतों के बारे में बताते हुए उनका बयान दर्ज करना शुरू किया।

शनिवार को, जब गुप्ता गवाह बॉक्स में दाखिल हुए, तो उन्होंने न्यायाधीश पर अपना चप्पल फेंक दिया। गुप्ता को तुरंत हटा दिया गया और अभियोजन पक्ष ने उसे हथकड़ी लगाने के लिए याचिका दायर की। याचिका स्वीकार कर ली गई, न्यायाधीश ने कहा, ''अभियुक्त ने अदालत में मुझ पर एक चप्पल फेंकी जब उसे अपना बयान दर्ज करने के लिए गवाह बॉक्स में बुलाया गया था। इसलिए, चूंकि मुझे उसका बयान दर्ज करना है, हथकड़ी लगाने की सीमित सीमा तक की अनुमति है।'' उन्हें अपना बयान दर्ज करते हुए दिया गया है।''

गुप्ता को 10 सितंबर, 2017 को अपने इलाके में रहने वाली 7 वर्षीय लड़की का यौन उत्पीड़न करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। पीड़िता की मां के मुताबिक, जब उन्होंने आरोपी के भाई को उसकी हरकतों के बारे में बताया तो पहले तो उसने उसे आश्वासन दिया कि वह आरोपी से बात करेगा. इसके बावजूद 10 सितंबर 2017 को आरोपी अपने घर के सामने अपने घर की निगरानी करते हुए पाया गया। उस समय, मुखबिर ने उसका सामना किया और उसे बच्चों के साथ अनैतिक कार्य नहीं करने की चेतावनी दी। आरोपी ने जवाब में उसे धमकी दी और उसी दिन उसने उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई। गुप्ता को उसी दिन गिरफ्तार कर लिया गया था.

# राज्य सरकार मराठा आरक्षण के मुद्दे को सुलझाने में नाकाम रही - जरांगे




**मुंबई।** मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने शनिवार को हजारों अन्य लोगों के साथ मिलकर महाराष्ट्र के जालना से लेकर मुंबई तक विरोध प्रदर्शन शुरू किया। उनका यह प्रदर्शन अपने समुदाय के लिए आरक्षण की मांग को लेकर है।

मार्च शुरू करने से पहले जरांगे ने मीडिया से बात की। उन्होंने राज्य सरकार को क्रूर और असंवेदनशील व्यवहार के लिए लताड़ लगाई। जरांगे ने कहा कि राज्य सरकार मराठा आरक्षण के मुद्दे को सुलझाने में नाकाम रही। इसके साथ ही उन्होंने अंतिम सांस तक इस लड़ाई को जारी रखने की कसम खाई है।

यह प्रदर्शन मार्च जरांगे के पैतृक गांव अंतरवाली सारती गांव से 11 बजे शुरू हुई। जरांगे ने कहा, आरक्षण के लिए मराठा समुदाय ने सरकार को सात महीने का समय दिया था, लेकिन इसपर कोई कदम नहीं उठाया गया। मैं इस प्रदर्शन को अपनी आखिरी सांस तक जारी रखूंगा। जब तक आरक्षण की मांग पूरी नहीं हो जाती मैं पीछे नहीं हटूंगा।

जरांगे ने मराठा युवाओं द्वारा आत्महत्या में वृद्धि का हवाला देते हुए राज्य सरकार और अन्य मंत्रियों की आलोचना की है। उन्होंने कहा, मराठा युवा आरक्षण के मुद्दों पर अपनी जान दे रहे हैं, लेकिन सरकार अब भी कुछ नहीं कर रही। सरकार इतनी क्रूर और असंवेदनशील कैसे हो सकती है?

जरांगे ने एक किस्सा सुनाने हुए कहा कि छत्रपति संभाजीनगर जिले के एक व्यक्ति ने बताया कि आरक्षण के कारण उसके बेटे ने आत्महत्या कर ली। उन्होंने बताया कि इस प्रदर्शन के दौरान भूख हड़ताल पर वह अपने समुदाय के लोगों के साथ बात करेंगे। 25 जनवरी को जरांगे के मुंबई पहुंचने की संभावना है।

# ईडी का इस्तेमाल एक उपकरण के रूप में किया जा रहा है - शरद पवार

**सोलापुरः** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के प्रमुख शरद पवार ने एक बार फिर केंद्र पर निशाना साधा है। उन्होंने आरोप लगाया कि राजनीतिक विरोधियों को डराने और चुप कराने के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का इस्तेमाल एक उपकरण के रूप में किया जा रहा है। शरद पवार ईडी के रोहित पवार को समन जारी करने से जुड़े सवाल का जवाब दे रहे थे। ईडी ने महाराष्ट्र राज्य सहकारी बैंक (एमएससीबी) घोटाले में धन शोधन जांच के तहत 24 जनवरी को पूछताछ के लिए शरद पवार के पोते और महाराष्ट्र के विधायक रोहित पवार को तलब किया है। ईडी ने 5 जनवरी को बारामती, पुणे, औरंगाबाद और कुछ अन्य स्थानों पर रोहित पवार के स्वामित्व वाली कंपनी बारामती एग्रो और कुछ संबंधित इकाइयों के परिसर पर छापा मारा था।



रोहित पवार (38) महाराष्ट्र विधानसभा में कर्जत-जामखेड सीट से एनसीपी विधायक हैं। इसके अलावा वह बारामती एग्रो के मालिक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) हैं। पहली बार विधायक निर्वाचित हुए रोहित एनसीपी के शरद पवार गुट से हैं।

केंद्र पर निशाना साधते हुए शरद पवार ने दावा किया, 'सत्ता का दुरुपयोग करके ईडी का इस्तेमाल राजनीतिक विरोधियों को चुप कराने और उन्हें डराने के लिए किया जा रहा है। हमें ऐसी प्रवृत्तियों को हराने के लिए जनता के पास जाना होगा।'

आगामी लोकसभा चुनाव के लिए सीट बंटवारे के बारे में पूछे जाने पर पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रकाश आंबेडकर की वंचित बहुजन आघाड़ी, पीजेंट्स एंड वर्कर्स पार्टी (पीडब्ल्यूपी) और वामपंथी दलों को महा विकास आघाड़ी (एमवीए) में लाने के लिए बातचीत चल रही है।

वर्तमान में एमवीए में उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (यूबीटी), कांग्रेस और शरद पवार के नेतृत्व वाला एनसीपी गुट शामिल है। शरद पवार ने संवाददाताओं से कहा, 'जल्द ही अंतिम निर्णय लिया जाएगा। एमवीए के तीनों साझेदारों की एक समिति सीट बंटवारे के फॉर्मूले पर काम कर रही है।' महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार के बार-बार दोहराए जाने वाले बयान के बारे में पूछे जाने पर कि बुजुर्ग लोग युवाओं को राजनीति में मौका नहीं दे रहे हैं। शरद पवार ने कहा कि वह ऐसी बातों को महत्व नहीं देते हैं।

शरद पवार ने कहा, 'उन्हें (अजित पवार) राजनीति में मौका किसने दिया? उन्हें चुनाव लड़ने का टिकट किसने दिया।' पिछले साल जुलाई में अजित पवार और आठ विधायकों के एकनाथ शिंदे सरकार में शामिल होने के बाद एनसीपी टूट गई थी।

# देवेन्द्र फड़णवीस ने नागपुर में राम जन्मभूमि आंदोलन का गीत गाया

**नागपुर :** अयोध्या में राम लला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के साथ, महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस ने राम जन्मभूमि आंदोलन का गीत गाया, हृजागो तो एक बारह्न हिंदू जागो तो,'नागपुर में एक कार्यक्रम में। फड़नवीस का गाना गाते हुए वीडियो विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर व्यापक रूप से प्रसारित हुआ। उपमुख्यमंत्री ने मंच पर जाकर भारी भीड़ के सामने गाना गाया. भीड़ ने तालियां बजाकर और उनके साथ गाना गाकर उनका हौसला बढ़ाया. भीड़ में से कई लोगों ने अपने मोबाइल फोन से उनके गाते हुए वीडियो रिकॉर्ड किए। प्राण प्रतिष्ठा समारोह सोमवार, 22 जनवरी को होगा। उस दिन, महाराष्ट्र सहित कई राज्य सरकारों ने सार्वजनिक अवकाश घोषित किया।

राज्य के सामान्य प्रशासन विभाग (जीएडी) ने एक सरकारी संकल्प (जीआर) जारी कर 22 जनवरी को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया। केंद्र सरकार ने भी 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को चिह्नित करने के लिए देश भर में बैंकों सहित अपने सभी कार्यालयों, संस्थानों और प्रतिष्ठानों में आधे दिन की छुट्टी



की घोषणा की।

अयोध्या में भव्य मंदिर के उद्घाटन के लिए सभी क्षेत्रों के कई नेताओं और गणमान्य व्यक्तियों को आमंत्रित किया गया है। अयोध्या में राम लला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए वैदिक अनुष्ठान मुख्य समारोह से एक सप्ताह पहले 16 जनवरी को शुरू हुए। राम लला की मूर्ति को शुक्रवार को 'जय श्री राम' के उल्लासपूर्ण उद्घोष के बीच राम मंदिर के 'गर्भ गृह' में रखा गया। वाराणसी के पुजारी लक्ष्मी कांत दीक्षित 'प्राण प्रतिष्ठा' समारोह के दौरान मुख्य अनुष्ठान करेंगे, जबकि पीएम मोदी भी समारोह में अनुष्ठान करेंगे।

# तेजी से पिघल रही है ग्रीनलैंड की बर्फ, क्या तबाह हो जायेंगे मुंबई,चेन्नई जैसे शहर ?



**नासा :** ग्लोबल वार्मिंग से दुनिया भर के वैज्ञानिक चिंतित हैं। अंटार्कटिका में बर्फ लगातार सिकुड़ रही है। अब यह पता चला है कि ग्रीनलैंड की बर्फ की चादर बहुत तेजी से पिघल रही है। यहां मौजूद बर्फ अमेरिकी शहर टेक्सास से तीन गुना ज्यादा है। एनडीटीवी की एक रिपोर्ट के मुताबिक, बर्फ पिघलने की दर पिछले अनुमान से 20 फीसदी ज्यादा है. इसका मतलब है कि हर घंटे 30 मिलियन टन बर्फ गायब हो जाती है। इसका सीधा असर समुद्र के स्तर पर पड़ेगा, यानी इसके बढ़ने से तटीय शहरों पर खतरा और बढ़ जाएगा।

ग्रीनलैंड में बर्फ पिघलने का अध्ययन नेचर जर्नल में प्रकाशित हुआ था। वैज्ञानिकों को पता था कि ग्रीनलैंड में बर्फ पिघल रही है, लेकिन उन्हें यह अंदाजा नहीं था कि यह दर इतनी तेज होगी। यह अध्ययन चिंताजनक है क्योंकि बर्फ पिघलने से समुद्र का स्तर बढ़ जाएगा, जो तट के किनारे के शहरों के लिए अच्छी खबर नहीं है। अध्ययन के मुख्य लेखक नासा की जेट प्रोपल्शन लेबोरेटरी (जेपीएल) के ग्लेशियोलॉजिस्ट चाड ग्रीन हैं। उनका कहना है कि ग्रीनलैंड के लगभग सभी ग्लेशियर पिघल रहे हैं। उन्होंने चिंता व्यक्त की कि पूरे ग्रीनलैंड में ऐसा हो रहा है। द गार्जियन की रिपोर्ट के अनुसार, अपने निष्कर्षों तक पहुंचने के लिए वैज्ञानिकों ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता तरीकों का इस्तेमाल किया और 38 वर्षों के डेटा का विश्लेषण किया।

# मुंबई में 75 वर्ष के बुजुर्ग की हार्टअटैक से मौत, मैराथन दौड़ में ले रहा था हिस्सा

**मुंबईः** देश में दिल का दौरा पड़ने से मौतें बढ़ती ही जा रही हैं। हर रोज कई ऐसी मौतें हो रही हैं, जिसके बारे में डॉक्टर भी हैरान रह जाते हैं। बिलकुल स्वस्थ दिखने वाले व्यक्ति को अचानक से दिल का दौरा पड़ता है और वह काल का शिकार बन जाता है। ऐसा नहीं है कि हार्ट अटैक का शिकार बुजुर्ग ही हो रहे हैं, इसमें युवा और बच्चे भी शामिल हैं।



**दिल का दौरा आने से मौत हुई**

मुंबई में भी रविवार को एक बुजुर्ग की दिल का दौरा आने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, मृतक बुजुर्ग मुंबई मैराथन 2024 में भाग ले रहा था और अचानक से उसकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि रविवार को 75 वर्षीय राजेंद्र चांदमल बोरा मुंबई मैराथन में भाग लिए थे और दौड़ लगा रहे थे,जैसे वो मुंबई के मरीन ड्राइव पर पहुंचे वो अचानक से गिर गए और बेहोश हो गए।

**दौड़ते-दौड़ते एक और युवक की हुई मौत**

उनको बेहोश पड़ा देखकर आसपास मौजूद लोगों ने उन्हें बॉम्बे हॉस्पिटल पहुंचाया। जहा डॉक्टर ने चेक करते ही मृत घोषित किया। बॉम्बे हॉस्पिटल के डॉक्टर ने मौत की वजह बताते हुए कहा कि मृतक को दिल का दौरा पड़ने से मौत हुई है। वहीं इसके अलावा इसी मैराथन में दौड़ लगाते हुए एक और व्यक्ति की मौत हुई है। हालांकि उनकी मौत की वजह अभी साफ नहीं हो पाई है।

**मुंबई फुल मैराथन 2024 में लिया था हिस्सा**

जानकारी के अनुसार, 46 वर्षीय सुवरदीप बनर्जी ने भी मुंबई फुल मैराथन 2024 में हिस्सा लिया था। जहां वर्ली के एनएससीआई के पास दौड़ते समय बनर्जी नीचे गिर पड़े। जानकारी मिलते ही उन्हें नजदीक के नायर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी मौत हो गई। हालांकि मौत के पीछे कारण का अभी पता नहीं लगा है।

# ललिता से ललित बनने वाला पुलिसकर्मी बना पिता... 2018 में हुई थी सर्जरी

**बीड :** ललित कुमार साल्वे ने 2020 में शादी की थी और वह 15 जनवरी को एक बच्चे का पिता बना। बीड जिले के माजलगांव तालुका के राजेगांव के निवासी साल्वे परिवार में एक नए सदस्य के आने से खुश हैं। महाराष्ट्र के बीड जिले में कुछ साल पहले लिंग परिवर्तन की सर्जरी के बाद ललिता से ललित बना पुलिस कांस्टेबल पिता बन गया है। ललित कुमार साल्वे ने 2020 में शादी की थी और वह 15 जनवरी को एक बच्चे का पिता बना। बीड जिले के माजलगांव तालुका के राजेगांव के निवासी साल्वे परिवार में एक नए सदस्य के आने से खुश हैं, लेकिन वह आज भी एक महिला से पुरुष बनने तक उनके संघर्ष भरे जीवन को याद करते हैं। कांस्टेबल ने 2018 में राज्य सरकार से अनुमति मिलने के बाद लिंग-परिवर्तन से संबंधित सर्जरी कराई थी।

# मुंबई के अंबेडकर अस्पताल में लगी भीषण आग, ICU के छह मरीजों को दूसरी जगह शिफ्ट किया गया शिफ्ट

**मुंबईः** मुंबई में एक बार फिर अस्पताल में आग लगने की घटना सामने आई है। 20 जनवरी की देर रात नगर निकाय के एक एक अस्पताल में आग लगने के बाद छह मरीजों को गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) से स्थानांतरित किया गया। एक अग्निशमन अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उपनगरीय विक्रोली के टैगोर नगर स्थित डॉ. आंबेडकर अस्पताल में देर रात एक बजकर 47 मिनट पर आग लगी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि बताया कि आग तीन मंजिला अस्पताल भवन के भूतल पर आईसीयू तक फैल गई थी। उन्होंने



बताया कि एहतियात के तौर पर, चार वरिष्ठ नागरिकों सहित छह मरीजों को डॉक्टरों की मौजूदगी में आईसीयू वार्ड से आपात वार्ड में स्थानांतरित किया गया। उन्होंने बताया कि आग पर देर रात 2.25 बजे तक काबू पा लिया गया। उन्होंने बताया कि आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। मुंबई में आगजनी की घटनाओं को लेकर पिछले दिनों बॉम्बे हाई कोर्ट ने गहरी चिंता भी जताई थी और कहा था कि मुंबई आए दिन लगती है। हाई कोर्ट ने सरकार से आगजनी से निपटने के बनाए जाने नियमों को सख्ती से लागू करने को कहा था। मुंबई में पिछले दिनों लोकमान्य टर्मिनस की कैंटीन के साथ जूहू के होटल में भी आग लगने की घटना सामने आई थी।



# विदेशी मुद्रा भंडार 1.6 अरब डॉलर बढ़कर 618.9 अरब डॉलर पर



**मुंबई :** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में बढ़ोतरी होने से 12 जनवरी को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 1.6 अरब डॉलर बढ़कर 618.9 अरब डॉलर हो गया। वहीं, इसके पिछले सप्ताह विदेशी मुद्रा भंडार 5.9 अरब डॉलर घटकर 617.3 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 12 जनवरी को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 1.9 अरब डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 548.5 अरब डॉलर पर पहुंच गयी। वहीं, इस अवधि में स्वर्ण भंडार 24.2 करोड़ डॉलर कम होकर 47.2 अरब डॉलर रह गया। आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार में 1.2 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी हुई और यह बढ़कर 18.3 अरब डॉलर हो गया।

## लैपटॉप के बैग में मुंबई में बेच रहे थे हथियार...

# पुलिस ने फेसबुक से दोस्त बने दो युवकों को दबोचा



### मुंबई में हथियार जब्ती का तीसरा मामला...

**मुंबई :** हथियार सप्लायर्स हथियार बेचने के लिए अलग-अलग मोडस ऑपरेंडी अपनाते हैं, ताकि पुलिस की नजर से बचे रहें। लेकिन कई बार उनके डरे हुए चेहरे या संदिग्ध गतिविधियां उन्हें कानून की गिरफ्त में ले ही आती हैं। मुंबई क्राइम ब्रांच की यूनिट-10 की टीम ने दो ऐसे आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जो लैपटॉप के बैग में हथियार रखे हुए थे और किसी को बेचने के लिए आए थे। डीसीपी राज तिलक रौशन ने नवभारत टाइम्स को बताया कि एक टिप के बाद उनकी टीम ने अंधेरी से प्रशांत राजोरिया और हर्ष कश्यप नामक आरोपियों को गिरफ्तार किया। दोनों आरोपियों के पास से 4 देशी पिस्टल, 2 मैगजीन और 8 कारतूस जब्त किए गए।

**कहां-कहां बेचे हथियार ?**

सीनियर इंस्पेक्टर दीपक सावंत ने बताया कि आरोपियों ने हथियार लैपटॉप के बैग में इसलिए छिपाए थे, ताकि किसी का उन पर शक न हो। लोग मानकर चलें कि इस बैग में लैपटॉप ही होंगे। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में से एक प्रशांत यूपी के हाथरस का मूल निवासी है, जबकि हर्ष हरियाणा का रहने वाला है। दोनों आरोपियों की फेसबुक से दोस्ती हुई थी और उसके बाद वो इस अवैध हथियार के कारोबार में शामिल हो गए। क्राइम ब्रांच अब इस बात का पता कर रही है कि इन्होंने अतीत में कहां-कहां हथियार बेचे और यह इन्हें कहां से खरीदते थे ?

### जब्ती का तीसरा मामला...

**मुंबई में हथियार जब्ती का एक सप्ताह में यह तीसरा बड़ा मामला है। चार दिन पहले ट्रांबे पुलिस ने संजय माली और सिनू पडगिला नामक दो आरोपियों के पास से काफी संख्या में पिस्टल व कारतूस जब्त किए थे। महाराष्ट्र एटीएस ने भी बोरिवली में 15 दिन पहले एक गेस्ट हाउस में रेड डाली थी और विदेशी हथियारों के साथ छह आरोपियों को गिरफ्तार किया था। सभी आरोपी यूपी से मुंबई डकैती डालने आए थे। चुनाव से पहले अवैध हथियारों की बिक्री बढ़ जाती है, इसलिए मुंबई पुलिस ने लोकसभा चुनाव से पहले हथियार सप्लायर्स पर इन दिनों विशेष नजर रखनी शुरू कर दी है।**

# बाला साहेब ठाकरे ने कभी भी हिंदुत्व का इस्तेमाल राजनीतिक दलों को तोड़ने के लिए नहीं किया - आदित्य ठाकरे



**मुंबई :** शिवसेना (यूबीटी) नेता आदित्य ठाकरे ने शनिवार को अपनी पूर्व सहयोगी भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि बाल ठाकरे ने हिंदुत्व का इस्तेमाल कभी भी अन्य राजनीतिक दलों को तोड़ने के लिए नहीं किया था। आदित्य मुंबई में पार्टी के कार्यकताओं को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने आरोप लगाया कि उनकी पार्टी के सहयोगियों को जांच एजेंसियां इसलिए निशाना बना रही हैं, क्योंकि शिवसेना (यूबीटी) ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा था कि विधायकों की अयोग्यता से जुड़े मामले में विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर का आदेश सही नहीं है।

जून 2022 में एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में एक धड़े ने शिवसेना (अविभाजित) से बगावत कर ली थी और भाजपा के साथ मिलकर सरकार बना ली। इसके बाद शिवसेना के विभाजन को लेकर दोनों धड़ों ने दबबदल विरोधी कानून के तहत एक-दूसरे के विधायकों को अयोग्य ठहराने की मांग करते हुए विधानसभा अध्यक्ष के सामने याचिका दी। नार्वेकर ने हाल ही में अपने आदेश में कहा था कि शिंदे गुट ही असली शिवसेना है। उन्होंने किसी भी धड़े के किसी भी विधायक को अयोग्य नहीं ठहराया था। उन्होंने आगे कहा, रवींद्र वायकर, किशोर पेडनेकर, राजन साल्वी को जांच एजेंसियां परेशान कर रही हैं। उन्हें एकनाथ शिंदे गुट में शामिल होने के लिए धमकियां दी जा रही हैं। इन नेताओं के पास छिपाने के लिए कुछ भी नहीं है। इसलिए, वे (उद्धव ठाकरे के) वफादार बने हुए हैं। आदित्य ने पार्टी कार्यकर्ता से कहा कि वे यह सुनिश्चित करें कि एक भी 'गद्दार' (इस शब्द का इस्तेमाल अक्सर उद्धव गुट के द्वारा शिंदे खेमे के लिए किया जाता है) लोकसभा, विधानसभा या निकाय चुनाव न जीत पाए।

# अजीत पवार गुट के विधायकों को अयोग्य ठहराये जाने संबंधी याचिकाओं पर 23 जनवरी से सुनवाई...



**मुंबई :** राकांपा (शरद पवार गुट) के एक नेता ने शनिवार को कहा कि महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर राकांपा (अजीत पवार गुट) के विधायकों को अयोग्य ठहराये जाने संबंधी याचिकाओं पर 23 जनवरी से सुनवाई शुरू करेंगे। विगत वर्ष अजीत पवार कई विधायकों के साथ एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली राज्य सरकार में शामिल हो गए थे। राकांपा (शरद पवार गुट) की महाराष्ट्र इकाई के प्रमुख जयंत पाटिल ने कहा कि वह शनिवार को राज्य विधानमंडल परिसर में इस उम्मीद के साथ आए थे कि उनका बयान दर्ज किया जाएगा। उन्होंने कहा कि लेकिन अजीत पवार गुट ने हमारे हलफनामों का अध्ययन करने के लिए और मोहलत मांगी है। अध्यक्ष ने उन्हें समय भी दे दिया है। सुनवाई 23 जनवरी से शुरू होगी। उन्होंने आरोप लगाया कि हमारे कुछ सहयोगियों को सरकार में शामिल हुए अब छह माह हो गए हैं। हमने उनके खिलाफ अयोग्यता याचिका दायर की है, लेकिन ऐसा लगता है कि इस मामले में सुनवाई की तारीख लोकसभा चुनाव कार्यक्रम को ध्यान में रखते हुए की गई है।

# समय पर इलाज न मिलने से आदिवासी गर्भवती मां व बच्चे की मौत !



**पालघर:** मोखाडा तालुका में एक आदिवासी गर्भवती मां की उसके गर्भ में बच्चे की मौत के चार दिन बाद मौत हो गई। यह महिला मोखाडा से 15 से 20 किलोमीटर की दूरी पर देवबंद के पास अदोशी शिरसगांव (गणेशवाड़ी) की है। रूपाली भाऊ रोज (25) अपने आठवें महीने में थीं और शनिवार, 13 जनवरी को खोडाला प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों ने उनकी जांच की, जब उन्हें पेट में ऐंठन होने लगी। लेकिन पर्याप्त प्रसूति चाबियां नहीं होने के कारण महिला को पूरे दिन केंद्र में रखा गया और फिर घर भेज दिया गया। 15 जनवरी की सुबह महिला की हालत बिगड़ गई और उसे खोडाला से मोखाडा ग्रामीण अस्पताल में भर्ती कराया गया। जांच के दौरान पता चला कि बच्चे की मां के गर्भ में ही मौत हो चुकी है और मां अन्य बीमारियों से संक्रमित है, जिसके बाद मोखाडा ग्रामीण अस्पताल के चिकित्सा अधिकारी ने तुरंत महिला को नासिक के सिविल अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया. सर्जरी कर मृत बच्चे को पेट से निकाला गया. 19 जनवरी को नासिक में इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। मृतक मां के पति भाऊ रोज का आरोप है कि इस मौत के लिए खोडाला की स्वास्थ्य व्यवस्था जिम्मेदार है. खोडाला में हुई घटना की जांच जारी है. यहां जांच कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा महिला की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद यदि इस मामले में कोई दोषी पाया गया तो संबंधित के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी।

# ज्वैलर से चुराई 7.5 लाख की सोने की धूल, 2 गिरफ्तार



**मुंबई :** अंधेरी में एमआईडीसी पुलिस ने एक आभूषण बनाने वाली कंपनी में काम करने वाले दो कर्मचारियों को -7.5 लाख मूल्य के सोने की कथित चोरी के आरोप में गिरफ्तार किया है। दोनों दुकान के अंदर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गए। सिड्स ज्वेल्स इंडिया एलएलपी आभूषण की दुकान अंधेरी पूर्व में सीपज में स्थित है। दुकान के महाप्रबंधक नीलेश पापटे ने पिछले सप्ताह पुलिस से संपर्क किया। सिड्स ज्वेल्स इंडिया एलएलपी आभूषण दुकान में 300 से अधिक लोग कार्यरत हैं, पाप्टे के अनुसार, उनकी कंपनी में 300 से अधिक कर्मचारी हैं, और रिफाइनरी विभाग में पांच कर्मचारी हैं झ जो सोने की धूल इकट्ठा करने का काम देखते हैं, जिसे बाद में सोने और हीरे के आभूषणों में बदल दिया जाता है। पप्टे, जो कंपनी के एचआर भी हैं, ने दिसंबर 2023 में अपने खातों में विसंगतियां देखीं झ जिससे पता चला कि सोने की धूल से परिवर्तित 150 ग्राम सोना कम था। 6 जनवरी को, सुरक्षा कर्मियों ने पप्ते को सूचित किया कि रिफाइनरी विभाग के कर्मचारियों में से एक, शिवम यादव को सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से लॉकर से अपनी जेब में कुछ भरते देखा गया था।

# 6 करोड़ की कोकीन के साथ एक विदेशी नागरिक गिरफ्तार



**मुंबई:** राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने ड्रग तस्कर होने के संदेह में गिरफ्तार एक विदेशी नागरिक के पेट से कोकीन से भरे 57 कैप्सूल बरामद किए हैं। इस कोकीन की कीमत 6 करोड़ रुपये है. आरोपी वेनेजुएला का नागरिक है. उन्हें 16 जनवरी को मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से हिरासत में लिया गया था। अधिकारियों को उसके पेट में कोकीन होने का संदेह था. इसलिए कोर्ट से उनकी मेडिकल जांच कराने की इजाजत मांगी गई थी. जे.जे. के अनुसार अस्पताल में एक्स-रे और सोनोग्राफी कराई गई। उस वक्त पता चला कि उनके पेट में एक संदिग्ध कैप्सूल है. इसके बाद डॉक्टर ने उसके पेट से ये 57 कैप्सूल निकाले। इसमें कोकीन होने की बात सामने आई।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : शॉप नंबर ४ , मदीना मेंशन, ८९ ए, कैडल रोड, अपोजिट बिल्लाबोंग स्कूल, माहिम पश्चिम, मुंबई ४०००१६ , महाराष्ट्र मोबाइल नं 998777 5650 व्हाट्सप्प नं 7977408589: Email-editor@rokthoklekhaninews.com